EBSB School Action Taken Report

Department : Ministry of Education -School Education and Literacy

Department Sub Category : NVS

Name of the State/UT : Kerala

Paired State/UT : Himachal Pradesh-Kerala

Linked Vidyalaya (Migration) :JNVJhalawar, Rajasthan

Year for which activities were conducted : 2021 - 2022

Name of the Nodal Officer : Smt. Smitha M C, PGT English

Event Category : **Utsavs and Mahotsavs**

Event Sub Category : **Hindi Pakhwada**

Event /Activity Name : Pakhwada Program

Activity In charge : Shri. Sivadasan, PGT Hindi

Venue : JNV Palakkad

Start Date : 01.09.2021.

End Date : 15.09.2021

Description ` :

भूतवर्ष वर्षों के समान विद्यालय में 1-9-2021 से 15-9-21 तक विविध प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों के साथ हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया , जिसमें विद्यार्थी एवं सभी कर्मचारी सक्रिय रूप से भाग लिए | समिति के दिशा निर्देशाओं का पालन करके कार्यक्रमों का गठन किया गया | सर्वप्रथम राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों की एक बैठक बुलाई गई , जिसमें पखवाड़ा मनाने के संबंध में सविस्तार चर्चा की गई | उदघाटन समारोह 1 सितंबर को प्राचार्य श्रीमती॰ सी॰वी॰प्रमीला ने दीप प्रज्वलित करके किया | इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं गैर-शिक्षक गण भाग लिए | श्री राम दास (टी ॰जी॰टी॰ हिन्दी) ने

स्वागत भाषण दिये | श्री शिवदासन एरत (पी°जी°टी° हिन्दी) ने भूमिका भाषण दिये और हिन्दी भाषा की विशेषता , राजभाषा के रूप में उसकी महत्ता एवं हिन्दी पखवाड़ा के संबंध में सविस्तार जानकारी दी | प्राचार्य ने विद्यालय के हिन्दी में कार्यकलापों पर ज़ोर देते हुए समसामयिक परिवेश में हिन्दी भाषा सीखने एवं प्रयोग करने की मांग पर ज़ोर दिया | श्रीमती षीबा रवीन्द्रन (टी जी टी हिन्दी) ने कृतज्ञता ज्ञापित की | जैसा की कोविड महामारी के कारण विद्यालय में छात्र छात्राओं के उपस्थिती नहीं है ,सभी प्रतियोगिताएं ऑन लाइन स्तर पर आयोजित की गई| हिन्दी में वाचन , सुलेख, निबंध लेखन , भाषण , कविता रचना आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | कार्यक्रमों का मूल्यांकन लाइव स्तर पर भी किया गया |

हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दिनों में विद्यालय के प्रवेश द्वार पर पखवाड़ा 2021 समारोह का बैनर लटका गया | “आज का हिन्दी शब्द” पट पर उपयोगी एवं चुने गए हिन्दी - अंग्रेज़ी शब्द प्रदर्शित किए गए | सूचना पर पर सुविचार एवं ज्ञानवर्धक विषय पर टिप्पणी भी प्रदर्शित की गई| 14 सितंबर को हिन्दी दिवस भी मनाया गया | इस दिन शिक्षक एवं गैर शिक्षकों के लिए राजभाषा कौशल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया |

विद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम 15 सितंबर को अपराहन 12.15 बजे आयोजित किया गया , जिसमें श्री अनिल कुमार (अधीक्षक , ज़िला कारागार , पालक्काड) मुख्यातिथि रहें| उन्होने नवोदय विद्यालय में हिन्दी भाषा एवं उसके सक्रिय प्रयोग पर संतुष्टि प्रकट करते हुए ऐसे समारोहों की मांग को देश के लिए ज़रूरी बताई | हिन्दी भाषा बोलनेवालों की संख्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है | समापन समारोह में श्रीमती सी° वी° प्रमीका अध्यक्षा रही | श्री रामदास पी (टी°जी°टी हिन्दी) ने स्वागत भाषण दिये | श्री शिवदासन एरत (पी°जी°टी° हिन्दी) ने हिन्दी पखवाड़े की रिपोर्ट प्रस्तुत की | प्राचार्या ने

विद्यालय में आयोजित हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रमों की जानकारी भी दी और कर्मचारियों को

आह्वान दिया कि वे अपने दैनंदिन जीवन में हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करें |

राजभाषा कौशल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्यातिथि श्री अनिल कुमार ने

पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए | श्री जेम्स (पी जी टी वाणिज्य) ने कृतज्ञता प्रकट की

और चालू वर्ष के हिन्दी पखवाड़ा समारोह सफलता पूर्वक विद्यालय में मनाया गया |

No. of Resource Persons	**:**	**3**
No. of Participants	**:**	**60**
No. of Images(PPT) uploaded	**:**	**10**
No. of Videos uploaded	**:**	**NIL**

https://drive.google.com/drive/folders/1k-2Ku9PBhBhLrzFBTsHx5A7jhYrICnQg?usp=sharing

Inauguration of Hindi Pakhwada on 01.09.2021

Closing Ceremony and Prize Distribution of Hindi Pakhwada on 15.09.2021